बिहार सरकार
उद्योग विभाग

## संकल्प

**विषयः–उद्योग विभाग, बिहार सरकार के अधीन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय हेतु पदों के पुनर्गठन– मुख्यालय स्तर पर स्वीकृत 82 पदों में से 26 पद तथा क्षेत्रीय स्तर पर स्वीकृत 31 पदों अर्थात कुल 57 पदों को प्रत्यर्पित, 01 पद उद्योग विभाग को वापस करते हुए मुख्यालय स्तर पर 106 पदों को चिन्हित किये जाने की स्वीकृति।**

उद्योग विभाग के संकल्प ज्ञापांक–5513 दिनांक–11.12.2025 द्वारा उद्योग विभाग, बिहार, पटना के अधीन तकनीकी विकास निदेशालय का नाम परिवर्तित कर **"सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय"** किया गया है। इस निदेशालय का मुख्य उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन करना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र को वित्तीय, तकनीकी और विपणन सहायता प्रदान करना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) इकाईयों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाना है। **"सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय"** का कार्य क्षेत्र विस्तृत और चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में निदेशालय की वर्तमान पद संरचना नये उद्देश्यों के लिए उपयुक्त एवं पर्याप्त नहीं है। नवगठित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय को और अधिक व्यवस्थित बनाये जाने की आवश्यकता है।

2. वर्तमान में उद्योग से उत्पादित सामग्रियों के गुणवत्ता में सुधार एवं भारतीय वस्तुओं को अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लायक बनाये जाने संबंधित कार्य जिला उद्योग केन्द्र के कार्यालय द्वारा किये जाने के कारण कोटि नियंत्रण कार्यालय की उपयोगिता नहीं रह गयी है। इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर पर भी कुछ पदों के प्रयोजन की समीक्षा की गयी। तदनुसार निदेशालय अन्तर्गत पूर्व से स्वीकृत 113 पदों में से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित अप्रासंगिक पदों को प्रत्यर्पित किया गया हैः–

| क्र0सं0 | पदनाम | स्वीकृत बल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी पदाधिकारी | 10 | |
| 2 | सूचना पदाधिकारी | 01 | |
| 3 | निजी सहायक | 07 | |
| 4 | विपत्र लिपिक–सह–रोकड़पाल | 01 | |
| 5 | टंकक | 01 | |
| 6 | आशुटंकक | 03 | |
| 7 | दैनिक लिपिक | 01 | |
| 8 | ट्रेजरी सरकार | 01 | |
| 9 | दफ्तरी | 01 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | सहायक उद्योग निदेशक (को0नि0) | 03 | कोटि नियंत्रण कार्यालय |
| 11 | निरीक्षक (को0नि0) | 09 | |
| 12 | पर्यवेक्षक (वस्त्र) | 02 | |
| 13 | प्रधान लिपिक–सह–भण्डारपाल | 03 | |
| 14 | टंकक–सह–लिपिक | 03 | |
| 15 | कार्यालय चपरासी | 04 | |
| 16 | आदेशपाल | 03 | |
| 17 | चौकीदार | 03 | |
| 18 | अनुरेखक (ट्रेसर) | 01 | |
| | कुल– | 57 | |

औद्योगिक अर्थशास्त्री का 01 (एक) पद उद्योग विभाग को वापस किया गया है। तत्पश्चात 55 (पचपन) पद शेष रह गये।

3. **मुख्यालय स्तर पर निदेशालय में पदों का पुनर्गठनः–**

नवगठित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय में शेष 55 पद सहित उद्योग विभाग को पूर्व से स्वीकृत पदों में से 51 और पदों को शामिल करते हुए कुल **106 पदों** को MSME निदेशालय हेतु इस प्रकार चिन्हित किया गया हैः–

| क्र0सं0 | पदनाम | प्रस्तावित बल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक,<br>सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय | 01 | |
| 2 | अपर निदेशक (MSME)<br>(उद्योग विभाग) | 02 | |
| 3 | संयुक्त निदेशक (MSME)<br>(उद्योग विभाग) | 03 | |
| 4 | उप निदेशक (MSME)<br>(उद्योग विभाग) | 07 | |
| 5 | सहायक निदेशक (MSME)<br>(उद्योग विभाग) | 18 | |
| 6 | निदेशक (MSME) के आप्त सचिव<br>(सामान्य प्रशासन विभाग) | 01 | |
| 7 | अपर निदेशक (MSME) के निजी सहायक<br>(सामान्य प्रशासन विभाग) | 02 | |
| 8 | अवर सचिव<br>(सामान्य प्रशासन विभाग) | 01 | |
| 9 | प्रशाखा पदाधिकारी<br>(सामान्य प्रशासन विभाग) | 04 | |
| 10 | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी<br>(सामान्य प्रशासन विभाग) | 11 | |

(1b4)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | उद्योग विस्तार पदाधिकारी (उद्योग निदेशालय) | 15 | |
| 12 | अर्थ अन्वेषक (उद्योग निदेशालय) | 07 | |
| 13 | कनीय सांख्यिकी सहायक (उद्योग निदेशालय) | 07 | |
| 14 | उच्चवर्गीय लिपिक–सम्प्रति–वरीय सचिवालय सहायक | 04 | |
| 15 | निम्नवर्गीय लिपिक–सम्प्रति–कनीय सचिवालय सहायक | 04 | |
| 16 | प्रधान लिपिक / लेखापाल (उद्योग निदेशालय) | 02 | |
| 17 | चालक (उद्योग विभाग) | 01 | |
| 18 | कार्यालय परिचारी (उद्योग विभाग) | 16 | |
| | कुल– | **106** | |

**नोटः–** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–9596 दिनांक–29.05.2026 द्वारा बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय लिपिक एवं उच्चवर्गीय लिपिक का पदनाम परिवर्तन क्रमशः कनीय सचिवालय सहायक एवं वरीय सचिवालय सहायक के रूप में किया गया है।

(i) **बजट उपबंध–** मुख्य शीर्ष– 2852– उद्योग, उपमुख्य शीर्ष– 80– सामान्य, लघु शीर्ष– 001– निदेशन तथा प्रशासन, उपशीर्ष– 0002– निदेशन, विपत्र कोड–23–2852800010002 है।

(ii) निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय के पद पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी का पदस्थापन किया जायेगा। बिहार उद्योग सेवा के "निदेशक, तकनीकी विकास" पद के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई उद्योग विभाग के स्तर से की जा सकेगी।

(iii) कोटि नियंत्रण कार्यालय के पदों को प्रत्यर्पित करने के फलस्वरूप इस कार्यालय में वर्तमान में कार्यरत 01 कर्मी (कार्यालय परिचारी) MSME निदेशालय के कार्यालय परिचारी के स्वीकृत 16 पदों के विरूद्ध समायोजित किये जायेंगे तथा इस कार्यालय के सेवारत/सेवानिवृत्त/सेवाकाल में मृत कर्मियों के सेवा संबंधित सभी मामलों के निष्पादन हेतु निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय सक्षम प्राधिकार होंगे।

बिहार सेवा संहिता के नियमों एवं उद्योग विभाग के स्तर से निर्गत निदेशों के अनुरूप MSME निदेशालय में पदस्थापित कर्मियों का स्थापना MSME निदेशालय से संबद्ध रहेगा।

(iv) इसके अतिरिक्त संविदा कर्मी (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, आई0टी0 ब्यॉय/आई0टी0 गर्ल इत्यादि) को आवश्यकतानुसार रखा जा सकेगा।

4. उद्योग विभाग, बिहार सरकार के अधीन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय हेतु पदों के पुनर्गठन पर दिनांक–05.08.2026 की मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही के मद संख्या–01 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

7/8/26

(विधु भूषण चौधरी)
अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक:– 1765 / पटना, दिनांक:– 07/08/2026
सं0सं0:– DMSME / निदेशालय–पुनर्गठन / 04 / 2025 / उद्योग
प्रतिलिपि:–मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव / मंत्री, उद्योग विभाग के आप्त सचिव / मुख्य सचिव, बिहार, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी / विकास आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

7/8/26
अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक:– 1765 / पटना, दिनांक:– 07/08/2026
सं0सं0:– DMSME / निदेशालय–पुनर्गठन / 04 / 2025 / उद्योग
प्रतिलिपि:–महालेखाकार (ले0 एवं हक0), बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

7/8/26
अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक:– 1765 / पटना, दिनांक:– 07/08/2026
सं0सं0:– DMSME / निदेशालय–पुनर्गठन / 04 / 2025 / उद्योग
प्रतिलिपि:–सभी अपर मुख्य सचिव / सभी प्रधान सचिव / सभी सचिव / सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना / उद्योग निदेशक / निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम / निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण / निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, उद्योग विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, एम0एस0एम0ई0डी0आई0, पटना, मुजफ्फरपुर / उद्योग विभाग के सभी निगम एवं प्राधिकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/8/26
अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 1765 /पटना, दिनांकः– 07/08/2026
सं0सं0:– DMSME/निदेशालय–पुनर्गठन/04/2025/उद्योग
प्रतिलिपि :–सभी प्रमंडलीय आयुक्त/स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली/सभी जिला पदाधिकारी/सभी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 1765 /पटना, दिनांकः– 07/08/2026
सं0सं0:– DMSME/निदेशालय–पुनर्गठन/04/2025/उद्योग
प्रतिलिपि :–प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को एक सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0 में) तथा दो हार्ड कॉपी के साथ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि इसे बिहार गजट के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशित की जाय।

अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 1765 /पटना, दिनांकः– 07/08/2026
सं0सं0:– DMSME/निदेशालय–पुनर्गठन/04/2025/उद्योग
प्रतिलिपिः– आई0टी0 प्रबंधक, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को संकल्प की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।